# स्वर्ण दिल्ली

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

वर्ष 12, अंक 245 नई दिल्ली

गुरुवार, 10 अक्टूबर 2024, पृष्ठः 8 मूल्यः 5 रुपये


## डीयू के रजिस्ट्रार और डीन एडमिशन को 15 अक्टूबर को मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** सेंट स्टीफंस कॉलेज में स्नातकोत्तर (पीजी) पाठ्यक्रमों में कुछ छात्रों के प्रवेश की पुष्टि करने में विफल रहने पर दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) को फटकार लगाई है।

न्यायमूर्ति धर्मेश शर्मा की पीठ ने डीयू के रजिस्ट्रार और डीन एडमिशन को 15 अक्टूबर को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से पेश होकर बताने को कहा है कि उन्हें कानून के तहत दंडित क्यों नहीं किया जाना चाहिए।

पीठ ने कहा कि डीयू प्रशासन जानबूझकर इस अदालत के निर्देशों के कार्यान्वयन को रोकने का दोषी है। पीठ ने यह भी कहा कि विश्वविद्यालय के अधिकारी छात्रों के जीवन की कीमत पर कॉलेज प्रबंधन के साथ अपने व्यक्तिगत झगड़े सुलझा रहे थे।

पीठ ने उक्त तथ्यों को रिकार्ड पर लेते हुए कहा कि बिना किसी हिचकिचाहट के अदालत की राय है कि डीयू के संबंधित अधिकारी सेंट स्टीफंस के प्रबंधन के साथ अपनी व्यक्तिगत शिकायतें सुलझाते समय वास्तव में छात्रों के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। अदालत ने उक्त टिप्पणी पीजी पाठ्यक्रमों में सीट आवंटन के संबंध में एकल-पीठ द्वारा पारित निर्देशों के गैर-अनुपालन पर कॉलेज द्वारा दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए की। सेंट स्टीफंस का आरोप है कि उसे अन्य कॉलेजों की तुलना में काफी कम संख्या में पीजी सीटें आवंटित की गई हैं। यह भी प्रस्तुत किया गया कि अल्पसंख्यक ईसाई समुदाय से संबंधित उम्मीदवारों की सूची पर डीयू द्वारा विचार नहीं किया गया है और उन्हें विभिन्न पीजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश नहीं दिया गया है।

# हरियाणा चुनाव परिणाम से भाजपाई उत्साहित, कहा- अब दिल्ली की बारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटी भाजपा के लिए हरियाणा में मिली जीत संजीवनी से कम नहीं है। इसकी झलक भी दिख रही है। जहां कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के नेताओं के चेहरे पर मायूसी छाई है। वहीं, भाजपा के नेता उत्साहित हैं।

उनका कहना है कि अब दिल्ली की बारी है। यहां भी कार्यकर्ता दोगुने उत्साह के साथ विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटेंगे। लगभग चार माह बाद दिल्ली विधानसभा का चुनाव है। इससे पहले पड़ोसी राज्य हरियाणा विधानसभा चुनाव परिणाम का प्रभाव यहां की राजनीति पर पड़ना स्वाभाविक है।

हरियाणा में स्पष्ट बहुमत प्राप्त करने के साथ ही दिल्ली के साथ लगते गुरुग्राम, फरीदाबाद, सोनीपत व अन्य शहरों में भी भाजपा का शानदार प्रदर्शन रहा है। जाटों का दबदबा समझे जाने वाले क्षेत्रों में भी इसके प्रत्याशियों को जीत मिली है। इससे दिल्ली देहात के मतदाताओं को साथ जोड़ने में आसानी होगी, क्योंकि विरोधी पार्टियां यह दुष्प्रचार नहीं कर सकेंगी कि जाट और किसान भाजपा से दूरी बनाए हुए हैं।

कांग्रेस को मिली हार और आप को एक भी सीट नहीं मिलने से भाजपा को चुनाव की तैयारी में मनोवैज्ञानिक बढ़त मिलेगी। एक दिन पहले तक दोनों पार्टियों के नेता भाजपा की हार का दावा करते हुए बयानबाजी कर रहे थे। यदि उनका दावा सही होता तो उन्हें दिल्ली में भाजपा को घेरने का मौका मिलता। अब स्थिति बदल गई है। भाजपा नेता आक्रामक दिख रहे हैं।



हरियाणा में तीसरी बार कमल खिलाने में दिल्ली के भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने भी अपना योगदान दिया। सांसद मनोज तिवारी, रामवीर सिंह बिधूड़ी और पूर्व सांसद प्रवेश वर्मा ने कई सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों के लिए प्रचार करने के साथ ही चुनाव प्रबंधन का भी दायित्व निभाया। उनकी मेहनत रंग लाई। इनमें से अधिकांश सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों को जीत मिली है।

उत्तर-पूर्वी दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी ने फरीदाबाद से लेकर कालका तक 32 विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी के प्रत्याशियों के लिए वोट मांगे। उन्होंने सांसद रवि किशन और पूर्व सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ के साथ कई स्थानों पर चुनाव प्रचार किया।

दक्षिणी दिल्ली के सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने बादशाहपुर और बादली में भाजपा प्रत्याशियों के लिए प्रचार किया। पार्टी को बादशाहपुर में जीत मिली। बिधूड़ी ने कहा अरविंद केजरीवाल ने अपने आपको हरियाणा का लाल बताते हुए प्रत्याशियों के लिए समर्थन मांगा था, परंतु मतदाताओं ने उन्हें नकार दिया। हरियाणा की तरह दिल्ली की जनता भी आप को नकार देगी।

पूर्व सांसद प्रवेश वर्मा ने राई विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी प्रचार व चुनाव प्रबंधन का काम संभाल रहे थे जहां पार्टी को जीत मिली। पलवल, हिसार, पानीपत में प्रधानमंत्री की चुनावी सभा का प्रबंधन भी उन्होंने संभाला।

हरियाणा के नतीजों को लेकर भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी के बयान पर आप ने कहा है कि भाजपा ने 2014 और 2019 में हरियाणा चुनाव जीता, लेकिन उन नतीजों का असर दिल्ली पर नहीं पड़ा। दिल्ली काम की राजनीति के लिए वोट करती है, खोखले वादों के लिए नहीं। आप ने कहा है कि भाजपा को यह समझना चाहिए कि 'दिल्ली का दिल केवल अरविंद केजरीवाल के लिए धड़कता है।' चाहे वे कितनी भी साजिशें रचें, जैसा कि उन्होंने अतीत में किया है, दिल्लीवासी अपने बेटे, भाई और नेता के रूप में अरविंद केजरीवाल के साथ खड़े हैं।

## 2944 त्योहार विशेष ट्रेनों का हो रहा संचालन



**नईदिल्ली।** त्योहार के दिनों में भीड़ को संभालने के लिए उत्तर रेलवे विशेष ट्रेनें चलाने की घोषणा कर रहा है। अन्य क्षेत्रीय रेलवे के सहयोग से इस बार पिछले वर्षों की तुलना में अधिक विशेष ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है।

पिछले वर्ष एक अक्टूबर से 30 नवंबर तक उत्तर रेलवे द्वारा कुल 1082 विशेष ट्रेन चलाई गई थी। इस बार 2944 त्योहार विशेष ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। यह पिछले वर्ष की तुलना में 1862 अधिक है। रेलवे स्टेशनों पर यात्री सुविधाएं भी बढ़ाई जा रही हैं।

अब तक घोषित 2944 त्योहार विशेष ट्रेनों में से लगभग 83 प्रतिशत पूर्व दिशा की ओर जाने वाले यात्रियों की चलाई जा रही हैं। नई दिल्ली से बरौनी, समस्तीपुर, सहरसा, वाराणसी, अयोध्या, गोरखपुर, जयनगर, दरभंगा, जोगबनी, पटना।

कोलकाता, गुवाहाटी, हावड़ा, मुजफ्फरपुर, कटिहार, टाटानगर, लखनऊ आदि शहरों के लिए अधिकांश विशेष ट्रेनें चलेंगी। इससे उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, बंगाल, असम राज्य की ओर जाने वाले यात्रियों को सुविधा होगी। अधिकारियों ने कहा, लोग अपने स्वजनों के साथ मिलकर त्योहार मना सकें। इसके लिए जरूरी कदम उठाया जा रहा है। आवश्यकता के अनुसार विशेष ट्रेनें चलाई जा रही है। नियमित ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाई जा रही है। इससे प्रतीक्षा सूची के यात्रियों को लाभ हो रहा है। प्रत्येक यात्रा मार्ग पर यात्रियों की संख्या का आकलन किया जा रहा है। भीड़ अधिक होने पर विशेष ट्रेनों की घोषणा की जा रही है।

साप्ताहिक बैठक में उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार वर्मा ने अधिकारियों को यात्रियों की सुविधा का ध्यान रखने का निर्देश दिया। रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में सफाई की उचित व्यवस्था करने, यात्रियों की सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन के लिए उचित कदम उठाने को कहा।







## सम्पादक की कलम से



### अप्रत्याशित रहे हरियाणा के नतीजे

**जम्मू-कश्मीर** और हरियाणा के विधानसभा चुनावों का अलग-अलग कारणों से विशेष महत्व था। जहां जम्मू-कश्मीर को लेकर यह उत्सुकता थी कि हमारा यह भूभाग लोकतंत्र की कसौटी पर खरा उतरता है या नहीं, वहीं हरियाणा इस कारण सबकी निगाह में था कि लोकसभा चुनाव में भाजपा की लोकप्रियता का जो ग्राफ गिरा, उसमें कोई बदलाव आता है या नहीं? जम्मू-कश्मीर की जनता ने विधानसभा चुनाव के नतीजों के पहले ही यह जरूरी संदेश दे दिया था कि यहां लोकतंत्र ने फिर से अपनी जड़ें जमा ली हैं। देश के साथ दुनिया को यह संदेश मिल जाने के चलते बस यह जिज्ञासा रह गई थी कि सत्ता किसे हासिल होती है? चूंकि भाजपा यहां सभी सीटों पर चुनाव नहीं लड़ी और जम्मू संभाग की तुलना में कश्मीर घाटी में उसका प्रभाव नगण्य ही था, इसलिए इसके आसार न्यून ही थे कि वह सत्ता की प्रबल दावेदार बन जाएगी। इसके बाद भी यह उल्लेखनीय है कि जम्मू संभाग में विरोधियों पर भारी पड़ने के साथ ही उसने कश्मीर घाटी में अपने जनाधार की जमीन तैयार की। जम्मू-कश्मीर में नेशनल कांफ्रेंस का कांग्रेस के साथ सरकार बनाना तय है, लेकिन उसे विभाजनकारी एजेंडे को छोड़कर ऐसा माहौल बनाना होगा कि शांति एवं स्थिरता बढ़े, जम्मू को बराबर का महत्व मिले और कश्मीरी हिंदुओं की घर वापसी हो सके। यह सब किए बिना राज्य के दर्जे की बहाली पर जोर देना सही नहीं होगा। इसमें कोई संदेह नहीं कि हरियाणा के नतीजे अप्रत्याशित रहे। इस कारण और भी, क्योंकि चुनाव के पहले यह माहौल बना दिया गया था कि कांग्रेस की आसानी से वापसी होने जा रही है। यदि ऐसा नहीं हो सका और भाजपा ने पिछली बार से अधिक सीटें लेकर रिकार्ड तीसरी बार सत्ता हासिल कर ली तो इसका कारण केवल यही नहीं कि उसने अपनी नीति-रणनीति बदली, बल्कि इसलिए भी कि कांग्रेस अकारण अति आत्मविश्वास का शिकार हो गई। लगता है उसने यह समझ लिया था कि वह लोकसभा चुनाव की तरह दुष्प्रचार के सहारे अपने पक्ष में माहौल बना लेगी। उसे समझना चाहिए था कि काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती। कांग्रेस ने एक गलती यह भी की कि उसने भूपेंद्र सिंह हुड्डा को कुछ ज्यादा ही अधिकार संपन्न कर दिया। हैरानी नहीं कि उनके कारण ही जाट बनाम गैर जाट का मुद्दा सतह पर आया और वह कांग्रेस पर भारी पड़ा। अब चुनाव नतीजों पर चकित होकर और चुनाव आयोग को कठघरे में खड़ा कर कांग्रेस यही साबित कर रही है कि वह अपनी गलतियों का दोष दूसरों पर मढ़ने में माहिर हो चुकी है। हरियाणा के चुनाव परिणामों से भाजपा का मनोबल बढ़ना स्वाभाविक है, क्योंकि एक तो वह लोकसभा चुनाव नतीजों के बाद बने नकारात्मक माहौल को दूर करने में सफल रही और दूसरे महाराष्ट्र, झारखंड समेत अन्य राज्यों के आगामी विधानसभा चुनावों के लिए उसे अतिरिक्त ऊर्जा मिल गई।

सुषमा शर्मा

# वोटरों ने भाजपा को दी बूस्टर डोज, कांग्रेस के हाथ फिर लगी हताशा



**एक्जिट** पोल एकबार फिर फेल साबित हुए। हरियाणा विधानसभा चुनाव में सभी भविष्यवाणियों को झूठलाते हुए भाजपा जीत की हैट्रिक लगाती दिख रही है। सुबह शुरुआती रुझानों में भले भाजपा कांग्रेस से बहुत पीछे थी, लेकिन सुबह साढ़े नौ बजे के बाद उसने ऐसा कमबैक किया, जिसने सभी राजनीतिक पंडितों को चौंका दिया। हरियाणा के रुझान यदि नतीजों में बदलते हैं तो भाजपा को एक बूस्टर डोज यहां से मिलने वाली है। एक नए उत्साह का संचार पार्टी में होने वाला है। निश्चित ही इसका प्रभाव आगामी महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनावों में देखने को मिलेगा।

हरियाणा विधानसभा चुनाव से कुछ समय पहले भाजपा ने मनोहर लाल खट्टर को हटाकर नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री की कुर्सी सौंपी थी। खत्री पंजाबी के बजाय ओबीसी पर दांव लगाया था। तब यह माना जा रहा था कि सैनी को बलि का बकरा बना दिया गया है, लेकिन अब रुझानों से साफ हो गया है कि भाजपा का ओबीसी कार्ड सही साबित हुआ।

भाजपा को बहुत बड़ा फायदा अहीरवाल क्षेत्र, जिसमें गुड़गांव, रेवाड़ी, महेंद्रगढ़ और नारनौल जिले आते हैं, में हो रहा है। भाजपा वर्ष 2014 से अहीरवाल क्षेत्र में मजबूत रही है। इसका एक बड़ा कारण केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह भी हैं। राव इंद्रजीत सिंह जब तक कांग्रेस में थे, तब तक अहीरवाल क्षेत्र में कांग्रेस मजबूत थी, वो जब से भाजपा में आए हैं, इस क्षेत्र में भाजपा मजबूत हो गई है।

कांग्रेस को पिछले चुनाव में जाट क्षेत्र, जिसमें रोहतक, झज्जर और सोनीपत आते हैं, से काफी अच्छा समर्थन मिला था। इन जिलों में जाट मतदाताओं की संख्या 30 प्रतिशत से अधिक है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा का यह प्रभाव वाला क्षेत्र है। हुड्डा के कारण कांग्रेस पिछली चुनाव में 31 सीटें जीतने में सफल रही थी, लेकिन केवल जाट वोटों के सहारे कांग्रेस की नैया पार होती नहीं नजर आ रही। यदि हरियाणा में जातीय समीकरणों को देखें 22 प्रतिशत जाट, 20 प्रतिशत दलित, 30 प्रतिशत ओबीसी, 16.5 प्रतिशत जनरल, 8 प्रतिशत पंजाबी और 3.5 प्रतिशत मुस्लिम वोट हैं।

जब कांग्रेस के पक्ष में जाट मतदाता लामबंद हुए तो बाकी जातियों ने गुपचुप भाजपा के पक्ष में माहौल बनाना शुरू कर दिया। कांग्रेस के पास जाट वोटों के अलावा दलित और मुस्लिम वोट भी हैं, लेकिन चुनाव के रुझान बता रहे हैं कि भाजपा ने कांग्रेस के दलित वोट में सेंध लगा दी है। ऐसे में कुमारी शैलजा का महत्व कांग्रेस में बढ़ाने वाला है, क्योंकि कांग्रेस अब केवल भूपेंद्र सिंह हुड्डा के भरोसे हरियाणा को नहीं जीत सकती, यह बात उसे समझ में आ रही होगी।

भाजपा की सोशल वेलफेयर स्कीम्स और महिलाओं को लेकर चलाई जा रही योजनाओं ने काफी काम किया है। महिलाओं का ऐसा विषय है, जिसे किसी भी सर्वे या एक्जिट पोल ने उस तरीके से नहीं उठाया, जैसा उठाया जाना चाहिए था। यह माना जा रहा है कि महिलाओं ने भाजपा के पक्ष में बिना शोर मचाए वोट किया है, जैसा मध्य प्रदेश में देखने को मिला था।

एक और मुद्दा जो राहुल गांधी ने अपनी हर सभा में उठाया, वो अग्निवीर स्कीम का है। हरियाणा में इस मुद्दे को इसलिए भी बड़ा बताया जा रहा था, क्योंकि हरियाणा से सेना में बड़ी संख्या में लोग जाते हैं। अब अग्निवीर का मुद्दा थोड़ा धीमा होगा, यह दिख रहा है। किसान या पहलवान के मुद्दे भी कांग्रेस के बहुत काम नहीं आए हैं।

वैसे हरियाणा में इस चुनाव में राहुल गांधी प्रचार से थोड़ा दूर रहे। वो अंतिम तीन दिन ही प्रचार में उतरे। बहुत कम चुनावी सभाएं कीं। उनके मुकाबले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा में अधिक सभाएं कीं। ज्यादा विधानसभा क्षेत्रों को कवर किया। भाजपा ने अपनी पूरी ताकत हरियाणा में लगा दी थी। यदि दूसरी पार्टियों की बात करें तो इनेलो, आम आदमी पार्टी और बसपा ने कहीं न कहीं कांग्रेस के वोटों में सेंध लगाई है।

आम आदमी पार्टी कांग्रेस से चुनाव पूर्व समझौता चाहती थी, जिसे कांग्रेस ने नकार दिया था। आम आदमी पार्टी को 1.65 प्रतिशत के आसपास वोट मिल रहे हैं, जबकि इनेलो 4.52 प्रतिशत वोट ले रही है और बसपा ने भी 1.63 प्रतिशत के आसपास वोट लिया है। यदि इंडी गठबंधन एक होता तो कांग्रेस को कुछ फायदा जरूर होता। रुझानों से साफ दिख रहा है कि भाजपा हरियाणा में फिर सरकार बना रही है। नायब सिंह सैनी को पुरस्कार मिलता दिख रहा है।

# हरियाणा के आश्चर्यजनक विधानसभा चुनाव परिणाम: चुनाव आयोग चर्चाओं में

**जम्मू** कश्मीर और हरियाणा विधानसभा चुनाव की मतगणना चल रही है। मतगड़ना के दौरान चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली को लेकर एक बार फिर बवाल देखने को मिल रहा है। एग्जिट पोल के रुझान और शुरुआती मतगणना के रुझान के बाद जिस तरह से हरियाणा विधानसभा चुनाव परिणाम का रुझान देखने को मिल रहा है। उसके बाद तरह-तरह की आशंकाएं और संदेह सामने आते चले गए। लोग समझ ही नहीं पाए, कि ईवीएम में यह कैसा चमत्कार हुआ है। जिसके कारण अप्रत्याशित चुनाव परिणाम का रुझान देखने को मिल रहा है। चुनाव आयोग का जो पोर्टल है, मतगणना केंद्रों मे सातवें चरण की मतगणना हो रही थी। चुनाव आयोग के पोर्टल में पहली और दूसरे चरण की मतगणना दिखाई जा रही थी। चुनाव आयोग का पोर्टल काफी विलंब से जानकारी दे रहा था। चुनाव आयोग का पोर्टल कई कई घंटे बाद अपग्रेड हो रहा था। चुनाव आयोग द्वारा मीडिया के लिए एडवाइजरी जारी की गई। वह अपनी ओर से मतगणना की जानकारी को नहीं दिखाएं। मीडिया हाउस को बोला गया कि केवल चुनाव आयोग के पोर्टल की जानकारी को ही प्रसारित करें। ऊसके कारण आशंका और बवाल देखने को मिलने लगा। कांग्रेस पार्टी अपनी शिकायतों का पुलिंदा लेकर चुनाव आयोग के पास शिकायत करने के लिए पहुंच गई। चुनाव आयोग उनकी शिकायत पर क्या कार्रवाई करेगा। यह सभी को मालूम है। कांग्रेस कितनी भोली है, जो सब कुछ जानते हुए भी चुनाव आयोग के पास अपनी शिकायत दर्ज कराने पहुंच गई। हरियाणा विधानसभा चुनाव के परिणाम को लेकर जिस तरह के दावे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, ने मतदान होने के पहले ही दावा कर दिया था, इस बार हरियाणा के विधानसभा चुनाव परिणाम मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ की तरह सभी को आश्चर्यचकित करेंगे। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एवं अन्य भारतीय जनता पार्टी नेताओं ने मतदान के बाद और मतगणना के पहले इसी तरह के दावे किए थे। वह दावे अब चुनाव परिणाम में परिवर्तित होते हुए दिख रहे हैं। इस बार हरियाणा के चुनाव परिणाम सबको आश्चर्यचकित करेंगे। यदि यह दावा प्रधानमंत्री ने किया था,तो उसे सच साबित करके भी दिखाया है। हरियाणा विधानसभा के चुनाव परिणाम सभी को आश्चर्यचकित कर रहे हैं। जमीनी हकीकत को लेकर पिछले 15 दिनों में फील्ड पर आम जनता का जो रुझान देखने को मिल रहा था। उसको देखते हुए यह कहां जा रहा था कि यह चुनाव जनता लड़ रही है। हरियाणा की जनता जनता भारतीय जनता पार्टी को इस बार चुनाव हरा रही है। हरियाणा विधानसभा के चुनाव में कांग्रेस को इसका लाभ मिल रहा है। 50 से लेकर 65 सीटों तक कांग्रेस को मिलने का दावा मतदान के बाद एग्जिट पोल में भी देखने को मिला। मंगलवार को ज़ब मतगणना शुरू हुई। शुरूआती रुझान में एग्जिट पोल सही होते हुए दिखा। जैसे ही ईवीएम मशीन की गिनती शुरू हुई। उसके बाद हर चरण की गिनती के बाद भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में ईवीएम में आंधी की तरह वोट गिरते हुए दिखे। हरियाणा विधानसभा चुनाव के प्रचार में भाजपा नेताओं को गांव में घुसने नहीं दिया जा रहा था जगह-जगह पर उनका विरोध हो रहा था। लगभग यह माना जा रहा था कि इस बार हरियाणा विधानसभा के चुनाव परिणाम अप्रत्याशित होंगे। इस बार 18 20 सीटों पर बीजेपी हरियाणा में सिमट कर रह जाएगी। हरियाणा मैं जिस तरह के चुनाव परिणाम देखने को मिल रहे हैं।

Invitin.g Shopperr's
Design Your Dream Attire
- Couture, Clothing & Designer Fabrics
- Rental Wedding, Lehengas, & Gowns
- Exclusive Nail Art
- Designer Mehandi
- Cosmetics

B-20/11, Double Storey, Ramesh Nagar, Delhi | Mob.: 9911294429, 011-45294429



SINCE 1975
KARAN'S
VAISHNO DHABA
MOUTH WATERING CUISINES
Lunch: 11:30am to 4.00pm * Dinner: 7.00pm to 11.00 pm
Food Without Onion & Garlics On Every Navratra
Note:
Please allow extra time for delivery on Suturday, Sunday and Holiday
Rates are subject to change without prior notice
Minimum delivery time 30 min. to 45min
All the items may not be available at all the time
Home delevery charged rs. 20.- within 1km
Home Delevery
8700965740,
9871558873,
9212598873
Spl. In Outdoor Catering


S.B. Malik (Jaggu Ji)
9311906362
011-41421363
Prince Realtech & Developers
SALE
PURCHASE
RENTING
COLLABORATION
AGRICULTURE LAND
FARM LAND
RESIDENTIAL
COMMERCIAL
INDUSTRIAL
B-121AC, Mansarover Garden,
New Delhi-110015


We Positive Care
We Positive Care
Chitragupt Foundation
C186 A , 4th floor hari nagar
clock tower, Pincode 110064


Punnu Biriyani
M:- 093134 07108
punnubiriyani.com
Free Home Delivery
011-25119013,
41447298,
25446671
(Jhatka Used Here)
Note- For Franchise Inquiry,call- 9313407108
DDA LIG Market, Near Cambridge Foundation School,
Rajouri Garden, New Delhi, Delhi 110027
Takeout / Delivery Open Closes 23:30


श्री राधे
श्री गणेशाय: नम:
श्री राधिका ज्योतिष शोध संस्थान
ज्योतिष, वास्तु अंक विद्या, हस्त रेखा व लाल किताब,
पीली किताब द्वारा सभी समस्याओं का समाधान
शादी या सन्तान नही होना, नौकरी नही लगना, व्यापार नही चलना
शारीरिक परेशानी या गृह कलेश रहना व अजीब घटनाओं का घटना
आपकी कुण्डली में घटित मांगलिक दोष, ग्रहण दोष व काल सर्प दोष व अन्य सभी दोषों के समाधान के लिए सम्पर्क करें।
सभी प्रकार के वैदिक अनुष्ठानों के लिए सम्पर्क करें।
Pt. S.K. Sharma, Vedic Astrolger n Healer!


Thirak Fitness Classes
Be Healthy
Learn YOGA
Yoga with Zumba
Exercise
Dumble Exercise
Stepper Exercise
Abs Workout
Meditation
Pranayam
WEDDING CHOREOGRAPHY & EVENT MANAGEMENT WORKSHOP
Venue : 7/89, Ramesh Nagar
Contact : Mrs. EKTA ABROL
Mob:- 9899900178


फीजियोथिरेपी सेन्टर
आधुनिक मशीनों से युक्त व कुशल
डॉक्टर की देख रेख में चल रहा है।
समय: प्रात 9 बजे से 12 बजे तक एवं
सायं 5 बजे से 7 बजे तक
रविवार अवकाश
कीर्ति नगर श्री सनातन धर्म सभा (पंजी.)
गीता भवन, कीर्ति नगर, नई दिल्ली- 110015

# केजरीवाल ने आप पार्षदों को चुनाव का दिया मंत्र, बोले- लड़ाई झगड़ा अप्रैल में कर लेंगे



**नई दिल्ली।** दिल्ली में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को पार्टी के सभी पार्षदों से मुलाकात की। साथ ही पार्टी पार्षदों को जनता के बीच जाने के लिए कहा है। उन्होंने संबोधन के दौरान कहा कि नरेंद्र मोदी के पास बेशुमार ताकत और पैसा है लेकिन वो भगवान नहीं हैं। लड़ाई भगवान और मोदी जी के बीच है।

केजरीवाल ने कहा कि आखिरी में भगवान ही जीतेंगे और भगवान हमारे साथ हैं। नरेंद्र मोदी ने मुझे गिरफ्तार करके, दिल्ली और पंजाब में आप के विधायक तोड़कर सरकार गिराने और पार्षद तोड़कर एमसीडी छीनने की साजिश की थी। लेकिन वह इसमें विफल रहे। यह बताता है कि भगवान हमारे साथ हैं।

आगे कहा कि पिछले दो साल आम आदमी पार्टी के लिए बेहद कठिन रहे हैं। हमारे ऊपर जिस तरह से हमले किए गए। वैसे किसी भी सरकार ने अब तक किसी भी पार्टी पर नहीं किये थे। भाजपा की केंद्र सरकार वास्तव में भ्रष्टाचार के खिलाफ कोई जांच नहीं कर रही है। उनका उद्देश्य आम आदमी पार्टी और हमारी राजनीति को समाप्त करना है।

आगे कहा कि मनीष सिसोदिया बेहद मजबूत इंसान हैं। वह डेढ़ साल जेल में रहे। भाजपा वालों ने आम आदमी पार्टी से अलग होने के तमाम ऑफर दिए। जेल के बाहर इनका परिवार भी तमाम कष्ट झेल रहा था लेकिन मनीष टूटे नहीं, भाजपा के आगे झुके नहीं। मुझे इनसे बहुत प्रेरणा मिली।







## बसों के लिए ऑल इंडिया टूरिस्ट परमिट अनिवार्य

**नई दिल्ली।** दिल्ली के किसी इलाके से दूसरे राज्यों के लिए सवारियां लेकर चलने वाली बसें अब जब्त होंगी। परिवहन विभाग ने ऐसी बसों की पहचान कर इन पर कार्रवाई तेज करने के निर्देश दिए हैं।

अब केवल दिल्ली के तीनों आईएसबीटी से ही ऐसी निजी बसें संचालित हो सकेंगी और इन बसों के लिए ऑल इंडिया टूरिस्ट परमिट अनिवार्य है।

इस सख्ती के बाद डग्गामार बसों के परिचालन पर रोक लगने की संभावना है। परिवहन विभाग नियमों का उल्लंघन कर रहीं ऐसी 2000 बसें अब तक जब्त कर चुका है। ये बसें पिछले करीब दो माह में जब्त की गई थीं। बता दें कि दिल्ली के विभिन्न हिस्सों से बड़ी संख्या में निजी बसें दूसरे राज्यों के लिए चलती हैं।एक तरह से शाम के समय प्रतिदिन के ये अवैध बस स्टैंड सज जाते हैं। इन बसों की टिकट बुकिंग मोबाइल पर दिए गए नंबर से होती है।









# आंध्रप्रदेश से नोएडा आकर दिल्ली-एनसीआर में करते थे सप्लाई, पांच गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा की एएनटीएफ ने मादक पदार्थ मारिजुआना की सप्लाई करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने गिरोह के पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 22.951 किलोग्राम मारिजुआना व एक स्विफ्ट कार बरामद की गई है। बरामद मारिजुआना की अनुमानित कीमत भारतीय बाजार में करीब 12 लाख रुपये है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ करने में जुटी हुई है।

शाखा पुलिस उपायुक्त भीष्म सिंह के अनुसार, एएनटीएफ की टीम ने दिल्ली में सक्रिय ड्रग तस्करों व आपूर्तिकर्ताओं के खिलाफ अभियान चलाया हुआ था। टीम में तैनात हवलदार सांवर मल को सूचना मिली कि एक व्यक्ति धर्मेंद्र शाह मारिजुआना की तस्करी में लिप्त है। वह अपने सहयोगी प्रीतम के साथ टैक्सी में अपने एक रिसीवर को भारी मात्रा में मारिजुआना देने के लिए विजय घाट स्थित नर्सरी के पास आने वाला है। एसीपी/एएनटीएफ अनिल शर्मा की देखरेख में पुलिस टीम ने घेराबंदी कर पुरानी चौपाल टिकरी खुर्द नरेला, दिल्ली निवासी धर्मेंद्र शाह पुत्र रविंदर शाह और सिंधी कॉलोनी, स्वरूप नगर, दिल्ली निवासी प्रीतम पुत्र कृष्ण लाल प्रजापति को गिरफ्तार कर लिया। इनके कब्जे से स्विफ्ट डिजायर टैक्सी को जब्त कर लिया गया।

आरोपी धर्मेंद्र शाह ने खुलासा किया कि उसने नोएडा के एक मारिजुआना सप्लायर मुन्ना से मादक पदार्थ खरीदता है और इसे दिल्ली और एनसीआर में अपने रिसीवरों को बेचता है। इंस्पेक्टर पंकज कुमार की टीम ने आरोपी धर्मेंद्र शाह की निशानदेही पर उसके पार्टनर अलीपुर निवासी अजय कुमार पुत्र काशी राम को भी गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद रिसीवर समयपुर, दिल्ली निवासी नीरज कुमार उर्फ गोलू पुत्र जयचंद गुप्ता को भी गिरफ्तार किया गया। इसके बाद गांव पुराना हैबतपुर, गौतमबुद्ध नगर, यूपी निवासी मुन्ना पुत्र चंद्रावली झा को सात अक्तूबर को नोएडा से गिरफ्तार कर लिया।

गांव पुराना हैबतपुर, गौतमबुद्ध नगर, यूपी निवासी मुन्ना पुत्र चंद्रावली झा पिछले 6-7 वर्षों से मारिजुआना की तस्करी कर रहा था। वह दिल्ली एनसीआर में इसकी आपूर्ति कर रहा था। वह विशाखापत्तनम, आंध्र प्रदेश के वन क्षेत्र में नक्सलियों से मादक पदार्थ खरीद कर निजी कार एसएक्स4 से तस्करी करता था। हाल ही में उसकी कार को नक्सलियों द्वारा माल की शिफ्टिंग के दौरान आंध्र प्रदेश के देवरापल्ली पुलिस स्टेशन थाना क्षेत्र में छीन लिया था। इसके बाद से वह टैक्सी के माध्यम से काम करने लगा।

आरोपी मुन्ना पहले से दो एनडीपीएस मामलों में शामिल रहा है। पहला मामला दिल्ली का है, जबकि दूसरा मामला नोएडा में वर्ष 2023 में दर्ज किया गया था। दिल्ली वाले मामले में उसे दिल्ली में अंतरिम जमानत पर रिहा किया गया था, लेकिन उसने आत्मसमर्पण नहीं किया और पैरोल जंप कर गया था। धर्मेंद्र शाह व नीरज कुमार के खिलाफ एनडीपीएस का एक-एक व मुन्ना के खिलाफ दो मामले दर्ज हैं।









## राइजिंग राजस्थान प्री-टूरिज्म समिट पर्यटन क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण कदम

# राजस्थान में पर्यटन का विकास डबल इंजन के साथ विकास की पटरियों पर सरपट दौड़ रहा है




**राजस्थान** में पर्यटन क्षेत्र को जीडीपी का महत्वपूर्ण घटक बनाने की दिशा में तेज गति से काम हो रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के लगातार प्रयासों के कारण राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट होने से पूर्व पर्यटन क्षेत्र में निवेश के लिए 142 एमओयू पर हस्ताक्षर होना, जिससे तकरीबन 14000 करोड़ का निवेश व 59000 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार के द्वार खुलना अपने आप में महत्वपूर्ण घटना है।

पर्यटन क्षेत्र में निवेश लाने के लिए आयोजित कार्यक्रम को राइजिंग राजस्थान प्री-टूरिज्म समिट का नाम दिया गया। राइजिंग राजस्थान प्री-टूरिज्म समिट पर्यटन क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण कदम है। यह प्री-टूरिज्म समिट अपने आप में इसलिए भी अहम हो जाती है क्योंकि इसमें राज्य के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा व उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी पूरे समय तक उपस्थित रहे।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी प्रदेश की वित्त मंत्री भी हैं साथ ही पर्यटन महकमा भी उन्हीं के जिम्मे है। ऐसे में दिया कुमारी हर संभव प्रयास कर रही हैं कि राजस्थान में पर्यटन को नए आयाम दिए जाएं जो कि केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजनाओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को साकार करने में सक्षम हो। जिस तरह केंद्र सरकार को डबल इंजन की सरकार कहा जाता है उसी तर्ज पर राजस्थान में पर्यटन का विकास डबल इंजन के साथ विकास की पटरियों पर सरपट दौड़ रहा है और आगे भी दौड़ता रहेगा।

**मुख्यमंत्री की यथार्थवादी परिकल्पनाः पानी-बिजली व सड़क के साथ होगा पर्यटन का विकास-**

प्री-समिट के दौरान मुख्यमंत्री भजलाल शर्मा ने निवेशकों को संबोधित करते हुए बहुत ही सरल शब्दों में पर्यटन को आगे बढ़ाने की परिकल्पना को समझाया, उन्होंने कहा कि पानी-बिजली और सड़क का विकास किए बिना पर्यटन का विकास संभव नहीं है। ऐसे में राज्य सरकार की उच्च प्राथमिकताओं में पानी-बिजली और सड़क का विकास शामिल है। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि इन तीन मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा अगर पूरा किया जाए तो पर्यटन भी इनके साथ स्वयं ही विकसित हो जाएगा।

मुख्यमंत्री ने स्वयं को पर्यटक बताते हुए कहा कि प्री-समिट के अवसर पर कहा की जितने भी निवेशक, यहां पधारे हैं उनके सुझाव अतिमहत्वपूर्ण हैं क्योंकि इन सारे निवेशकों ने अपने जीवन में सिर्फ और सिर्फ पर्यटन क्षेत्र की बढ़ोतरी के लिए काम किया है। मुख्यमंत्री शर्मा ने प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने पर जोर दिया और इस क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए सरकारी प्रयासों को भी विस्तार से निवेशकों को समझाया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने सरल और सादगीपूर्ण संबोधन में सरकार की प्राथमिकताओं, आवश्यकताओं और निवेशकों से अपेक्षित सहयोग को बताया व समझाया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा राइजिंग राजस्थान प्री-टूरिज्म समिट में दिए गए संबोधन को अगर निवेशकों ने साध लिया तो आने वाले दिनों में निवेशक ही यह कहेंगे कि राजस्थान लालफीताशाही से मुक्त हो चुका है, यहां पर सरकार की दशा और दिशा सतत विकास की ओर जा रही है।

**पर्यटन को मुख्यधारा में लाने की सूत्रधार है उपमुख्यमंत्री दिया कुमारीः**

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी राजस्थान पर्यटन को मुख्यधारा से जोड़ने की सूत्रधार हैं। यह कहना अतिश्योक्ति नहीं है क्योंकि उनका पर्यटन से गहरा नाता है। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी स्वयं अपने स्तर पर पर्यटन के संरक्षण व संवर्धन वाली पृष्ठभूमि से आती हैं, उन्हें पर्यटन क्षेत्र में आने वाली छोटी से छोटी समस्याओं के बारे में पता है साथ ही वह जानती है कि इन समस्याओं को दूर करने के लिए पर्यटन व आथित्य क्षेत्र से जुड़े स्टेकहोल्डर्स को किन-किन विभागों के चक्कर काटने होते हैं, इसलिए उन्होंने सिंगल विंडो क्लीयरेंस सिस्टम को मजबूती से लागू करने पर जोर दिया है।

उपमुख्यमंत्री की मंशा है कि पर्यटन क्षेत्र का जीडीपी में योगदान बढ़ाया जाए, इसे लेकर वे प्रयासरत हैं, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी आशान्वित हैं कि प्रदेश पर्यटन आने वाले कुछ महीनों के भीतर देश व दुनिया के अव्वल पर्यटन स्थलों में गिना जाएगा।

राइजिंग राजस्थान प्री-टूरिज्म समिट के दौरान उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने अपने संबोधन में इसी प्रतिबद्धता को दोहराया। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सभी निवेशकों को आश्वस्त किया की सरकार उनके साथ है। यह विलक्षण अनुभव प्री-टूरिज्म समिट में उपस्थित सभी निवेशकों को हुआ कि राजस्थान में डबल इंजन की सरकार केंद्रीय नीतियों का अनुसरण करते हुए सभी निवेशकों को न्यौता दे रही है कि पधारो म्हारे देस।

**पर्यटन सचिव रवि जैन व पर्यटन विभाग की टीमः**

राइजिंग राजस्थान प्री टूरिज्म समिट के दौरान पर्यटन विभाग के सचिव रवि जैन ने राजस्थान के निवेश के अवसरों को दर्शाने वाले का लघु वृत्तचित्र का प्रदर्शन किया। उन्होंने राज्य सरकार की मंशा व विभाग की कार्यशैली को निवेशकों को समझाया, पर्यटन सचिव रवि जैन ने जिस तरह से टूरिज्म समिट की कमान संभाली और विभाग के आला अधिकारियों सहित जिस तरह से सभी कर्मचारी अपने कार्य को अंजाम दे रहे थे वो किसी बिग इंडियन वैडिंग से कम नहीं था। सभी की कार्यशैली को देख लगा की अधिकारी वर्ग भी इस आशय से निश्चिन्त हैं कि उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के नेतृत्व में राजस्थान टूरिज्म उस मुकाम व पर्यटन के सिरमौर वाले तमगे को हासिल करके ही रहेगा जिसका वो हमेशा से हकदार रहा है।

BDS®
since 1975

MATTRESS HI MATTRESS

Hush,
Serta,
Kingkoil,
Simmons
Nilkamal,
Therapedic



World Class Mattresses

BDS®

Ms. Parvinder Kaur
# 9560509507

Visit: 79/3, W.H.S. Kirti Nagar, Delhi - 110015

# भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए न्यूजीलैंड टीम की हुई घोषणा, केन विलियमसन ने बढ़ाई चिंता

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड ने बुधवार को आगामी भारत दौरे के लिए अपनी 17 सदस्यीय टीम का एलान कर दिया है। कीवी टीम भारत दौरे पर तीन टेस्ट मैचों की सीरीज खेलेगी, जिसमें पहला टेस्ट 16 अक्टूबर से बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर खेला जाएगा।

टॉम लैथम पहली बार न्यूजीलैंड के पूर्णकालिक टेस्ट कप्तान की भूमिका निभाते हुए नजर आएंगे। हालांकि, न्यूजीलैंड के अनुभवी बल्लेबाज केन विलियमसन की खबर ने फैंस की चिंता बढ़ा दी है। विलियमसन को ग्रोइन में दर्द है, जिसके कारण वह भारत देर से आएंगे।

विलियमसन को श्रीलंका के खिलाफ गॉल में खेले गए दूसरे टेस्ट के दौरान ग्रोइन समस्या हुई और उन्हें रिहैब की जरुरत पड़ेगी। वह ठीक होने के बाद भारत में न्यूजीलैंड के टेस्ट स्क्वाड से जुड़ेंगे। न्यूजीलैंड के चयनकर्ता सैम वेल्स ने कहा कि विलियमसन को कुछ मैच खिलाने की योजना है।

वेल्स ने कहा, "हमें सलाह मिली है कि केन विलियमसन के लिए एक्शन में लौटने से पहले आराम और रिहैब जरूरी है। वरना उनकी चोट का जोखिम बढ़ सकता है। हम उम्मीद कर रहे हैं कि अगर रिहैब योजनाबद्ध तरीके से हुआ तो केन विलियमसन दौरे के आखिर में उपलब्ध रहेंगे।"

उन्होंने कहा, "जहां विलियमसन का पहले टेस्ट में उपलब्ध नहीं होना निराशाजनक है, वहीं अन्य खिलाड़ी के पास महत्वपूर्ण सीरीज में खुद को साबित करने का गोल्डन चांस होगा।" अनकैप्ड बल्लेबाज मार्क चैपमैन को विलियमसन के कवर के रूप में शामिल किया गया है।

मार्क चैपमैन ने न्यूजीलैंड के लिए सीमित ओवर क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में भी उम्दा प्रदर्शन किया और 41.9 की औसत रखते हुए 6 शतक जड़े। इसमें 2020 में ओवल में



भारत ए के खिलाफ न्यूजीलैंड ए की तरफ से खेलते हुए 114 रन की पारी शामिल है।

चैपमैन ने पिछली गर्मी में एसेस प्लंकेट शील्ड में तीन मैच खेले, जिसमें 40 की औसत से 245 रन बनाए। इसमें फरवरी में डुनेडिन में ओटागो वोल्ट्स के खिलाफ 123 रन की पारी शामिल है।

चयनकर्ता वेल्स ने कहा कि चैपमैन के पास सही शैली है, जो उन्हें उप-महाद्वीप में सफलता दिला सकता है। उन्होंने कहा, "हमें विश्वास है कि मार्क स्पिन के खिलाफ हमारे सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक है और उप-महाद्वीप में उनका रिकॉर्ड अच्छा है। मार्क ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्पिन को खेलने की क्षमता दिखाई और वो किसी भी तरह की परिस्थिति में सफल होना जानते हैं।"

ऑलराउंडर माइकल ब्रेसवेल टेस्ट स्क्वाड के साथ केवल एक मैच के लिए भारत आएंगे। इसके बाद वह अपने दूसरे बच्चे के जन्म के लिए न्यूजीलैंड लौट जाएंगे। ईश सोढ़ी शेष सीरीज में स्पिनर की भूमिका निभाएंगे। इसके अलावा श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए चुनी गई टीम में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

## ऑस्ट्रेलिया ने सेमीफाइनल की ओर बढ़ाया कदम

**नई दिल्ली।** विमंस टी20 वर्ल्ड कप 2024 के 10वें मुकाबले में मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम का सामना न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम से हुआ। शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस मैच में ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को 60 रन से हराया। टूर्नामेंट में यह ऑस्ट्रेलिया की लगातार दूसरी जीत है। इसके साथ ही टीम ने सेमीफाइनल की ओर कदम बढ़ा दिया है।

ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 148 रन बना। ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी रही। 41 के स्कोर पर टीम को पहला झटका लगा। कप्तान एलिसा हीली ने 20 गेंदों पर 4 चौके की मदद से 26 रन बनाए। 12वें ओवर टीम का दूसरा विकेट गिरा। बेथ मूनी ने 32 गेंदों पर 40 रन बनाए।

इसके बाद एलिस पेरी ने 24 गेंदों पर 30 रन बनाए। ग्रेस हैरिस का खाता नहीं खुला। फोबे लिचफील्ड ने 18 गेंदों पर 18 रन, जॉर्जिया वेयरहैम ने 4 रन, एशले गार्डनर ने 6 रन और एनाबेल सदरलैंड ने 2 रन बनाए। ताहलिया मैकग्राथ 9 रन और सोफी मोलिनेक्स 7 रन बनाकर नाबाद रहीं। अमेलिया केर ने 4 विकेट चटकाए। रोजमेरी मैयर और ब्रुक हॉलिडे ने 2-2 शिकार किए।



149 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड टीम 88 रन पर सिमट गई। अमेलिया केर ने सबसे ज्यादा 29 रन बनाए। उनके अलावा सूजी बेट्स ने 20 रन और ली ताहुहु ने 11 रन बनाए। इनके अलावा कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा तक नहीं छू पाई। ऑस्ट्रेलिया की ओर से मेगन शुट्ट और एनाबेल सदरलैंड ने 3-3 विकेट चटकाए। उनके अलावा सोफी मोलिनक्स ने 2, जॉर्जिया वेयरहैम और ताहलिया मैकग्राथ ने 1-1 सफलता प्राप्त की।

## अजहर ने नोटिस पर मोहलत मांगी थी



**हैदराबाद।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर और कांग्रेस नेता अजहरुद्दीन से हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन से जुड़ी वित्तीय अनियमितताओं को लेकर ईडी ने पूछताछ की है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने मंगलवार को पीएमएलए कानून के तहत पूर्व क्रिकेटर का बयान दर्ज किया है। 61 वर्षीय पूर्व सांसद अजहरुद्दीन को पहले जांच एजेंसी के समक्ष तीन अक्टूबर को पेश होने को कहा गया था।

लेकिन अजहर ने नोटिस पर मोहलत मांगी और एक नई तारीख पर पूछताछ करने को कहा था। उल्लेखनीय है कि हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन (एचसीए) में कथित वित्तीय अनियमितताओं के मामले में ईडी ने पूर्व भारतीय क्रिकेटर को तलब किया था। नए समन पर अजहरुद्दीन आठ अक्टूबर को सुबह 11 बजे फतेह मैदान रोड स्थित ईडी दफ्तर पहुंचे।

सफेद-कुर्ता पायजामा पहने अजहर के साथ उनकी पूरी लीगल टीम भी थी। सूत्रों का कहना है कि एचसीए का अध्यक्ष रहते हुए अजहरुद्दीन की भूमिका संदेह के घेरे में है। एचसीए में बीस करोड़ रुपये के हेरफेर को लेकर तेलंगाना भ्रष्टाचार निरोधक दस्ते (एसीबी) की दर्ज कराई तीन एफआइआर पर यह जांच आधारित है।

आरोपपत्र के अनुसार हैदराबाद स्थित राजीव गांधी क्रिकेट स्टेडियम में डीजी सेट, अग्निशमन प्रणाली और कैनोपी को लेकर अनियमितताएं बरती गईं। कई ठेकेदारों को अग्रिम राशि दे दी गई लेकिन काम कोई नहीं हुआ था।

## ब्रायन लारा ने यशस्वी जायसवाल की तारीफ में पढ़े कसीदे

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज ब्रायन लारा ने युवा भारतीय बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की जमकर सराहना की। उन्होंने दावा किया कि यशस्वी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अगले महीने होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में अहम भूमिका निभाएंगे। लारा ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया जैसी पिचों पर जायसवाल के सीमित अनुभव के बावजूद, युवा बल्लेबाज की तकनीक और दृढ़ संकल्प उन्हें बल्ले से चमकने में मदद करेगी। 2023 में टेस्ट में डेब्यू करने के बाद से यशस्वी ने शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने 11 मैचों में 1217 रन बनाए हैं जिसमें तीन शतक शामिल हैं। इसमें से दो दोहरे शतक हैं। चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में स्कोर करने की उनकी क्षमता ने उन्हें भारत के लिए एक उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाला खिलाड़ी बना दिया है।

लारा ने यशस्वी की तारीफ करते हुए कहा, यशस्वी के पास किसी भी हालात में खेलने की क्षमता है। मैंने उसे वेस्टइंडीज में देखा है। ऑस्ट्रेलिया की पिचें अलग होंगी लेकिन अगर आपके भीतर इस तरह की क्षमता है तो आप हर हालात में अच्छा खेल सकते हैं।

मुझे उम्मीद है कि वह अच्छा खेलेगा। यशस्वी और अभिषेक शर्मा, दोनों बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं और काफी युवा हैं। यह दोनों अपने स्टाइल में खेलते हैं और आक्रमक होकर बल्लेबाजी करते हैं।

लारा ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया में कामयाब होने के लिए यशस्वी को कुछ मानसिक सामंजस्य करने होंगे। लारा ने कहा, सामंजस्य यही है कि आपको खुद पर यह भरोसा रखना होगा कि आप हर हालात में अच्छा खेल सकते हैं। वैसे भारत में अब हालात बदल गए हैं। आईपीएल में इतने अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी आ रहे हैं। आपके खिलाड़ियों के पास अलग तरह की स्पर्धा है जो अच्छी बात है। इसलिए मुझे नहीं लगता कि तकनीकी तौर पर बहुत कुछ करने की जरूरत है।



ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए यशस्वी का टीम में शामिल होना अपरिहार्य लगता है। यदि उन्हें चुना जाता है, तो भारत के बल्लेबाजी क्रम के शीर्ष क्रम में उनका प्रदर्शन ऑस्ट्रेलिया की तेज पिचों पर देखने लायक होगा।

# अमिताभ बच्चन ने बताया कि कैसे फ्लाइट के दौरान क्लासिक फिल्म शराबी की कल्पना आई थी



**महानायक** अमिताभ बच्चन की मेजबानी में होने वाले और सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होने वाले कौन बनेगा करोड़पति के 16वें सीजन में अलीगढ़ के प्रतिभागी दिनेश कुमार हॉटसीट पर आ रहे हैं।

जैसे-जैसे गेमप्ले आगे बढ़ा, श्री बच्चन ने 1984 की क्लासिक फिल्म शराबी से जुड़ा एक सवाल पूछा। इससे पर्दे के पीछे की एक दिलचस्प कहानी भी सामने आई। फिल्म के निर्माण को याद करते हुए अमिताभ बच्चन ने बताया कि कैसे यह सब एक फ्लाइट के दौरान शुरू हुआ।

"हम कल्याणजी-आनंदजी के ऑर्केस्ट्रा के साथ न्यूयॉर्क से वेस्ट इंडीज जा रहे थे, और प्रकाश मेहरा हमारे साथ थे। फ्लाइट के दौरान प्रकाश जी ने शराबी का विचार सामने रखा। जब हम हवा में थे, तो उन्होंने पूरी कहानी बताई और मेरे विचार जानना चाहे। मैंने बस इतना कहा, 'ठीक है, चलो इस पर विचार करते हैं।' जब हम वापस लौटे, तो उन्होंने पहले ही स्क्रिप्ट लिख ली थी। हालाँकि, संवाद अविश्वसनीय रूप से लंबे थे - कुछ 2-3 पेज के थे!"

फिल्मांकन की चुनौतियों के बारे में उत्सुक होकर दिनेश ने और सवाल पूछे, जिसके बाद श्री बच्चन ने एक मजेदार किस्सा सुनाया। अपने खास अंदाज में उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा, "नहीं, नहीं, सुनिए तो... अभी कहानी खत्म नहीं हुई," और फिर उन्होंने प्रकाश मेहरा से जो कहा, उसे साझा किया: "आपने मुझे पूरी फिल्म के लिए शराबी बना दिया, और शराबी को बोलने में समय लगता है। अगर मैं ये 4-पेज के संवाद बोलूं, तो फिल्म कई घंटों की हो जाएगी। कृपया इन्हें छोटा करें।" प्रकाश जी सहमत हो गए, और संवाद संक्षिप्त कर दिए गए।

# 'भूल भुलैया 3' का मच अवेटेड ट्रेलर हुआ रिलीज!




**कार्तिक** आर्यन हिट फिल्म भूल भुलैया 2 से रूह बाबा के रूप में वापसी कर रहे हैं। इस नई फिल्म में, वह त्रिप्ति डिमरी, ओरिजनल मंजुलिका, विद्या बालन और उनकी साथी, माधुरी दीक्षित के साथ नज़र आएंगे। अनीस बज़्मी द्वारा डायरेक्टेड इस प्रोजेक्ट को भूषण कुमार द्वारा प्रोड्यूस किया गया है।

कार्तिक आर्यन और त्रिप्ति डिमरी स्टारर भूल भुलैया 3 का मच अवेटेड ट्रेलर आखिरकार रिलीज़ हो गया है, जिससे हर तरफ मौजूद फैंस के बीच एक्साइटमेंट को लहर दौड़ गई है। अनीस बज़्मी द्वारा डायरेक्टेड और भूषण कुमार द्वारा शुरू की गई, इस सीरीज का यह लेटेस्ट पार्ट इस दिवाली हॉरर और कॉमेडी का एक कभी न भूलने वाला मिश्रण पेश करने का वादा करता नजर आ रहा है।

ट्रेलर में कार्तिक आर्यन को रूह बाबा के रूप में वापस आते हुए दिखाया गया है, जो अपने मज़ेदार पर्सनालिटी और कॉमेडी के लिए पसंद किया जाने वाला किरदार है। फिल्म में एक्टर के साथ विद्या बालन भी हैं, जिन्होंने पहली फिल्म में मशहूर मंजुलिका का किरदार निभाया था। विद्या बालन द्वारा निभाए गए रहस्यमयी आत्मा के किरदार ने कई लोगों को डरा दिया था। लेकिन इस बार, इस फ्रैंचाइज़ ने और भी ज़्यादा ट्विस्ट और रोमांचक पलों के साथ चीज़ों को और आगे बढ़ाया है, जो फ़िल्म की कहानी को आकार देते हैं।













स्वामिधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक सुषमा शर्मा द्वारा दिव्य ऑफसेट प्रिंटर्स, बी-1422 दुर्गा मंदिर, न्यू अशोक नगर, नई दिल्ली-110096 से मुद्रित कराकर बी-5/184, रोहिणी सेक्टर-11 नई दिल्ली से प्रकाशित।
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन एवं प्रकाशन के उत्तरदायी। RNI No. DELHIN/2013/48040, संपर्क 8826286868